FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

प्रेस नोट थाना बसईमौ0पुर दिनांक 15-06-2026 जनपद फिरोजाबाद।

थाना बसईमौ0पुर पुलिस टीम द्वारा धारदार हथियार (बांका) से अपनी बेटी की हत्या करने वाले पिता अभियुक्त राकेश को आलाकत्ल सहित किया गिरफ्तार।

दिनांक 14.06.2026 को अभियुक्त राकेश पुत्र लखपत सिंह निवासी नीलकंठ कालोनी सोफीपुर थाना बसई मोहम्मदपुर जिला फिरोजाबाद द्वारा बांका से अपनी पुत्री मुस्कान की हत्या कर दी गयी तथा पत्नी पुष्पा देवी को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। जिसके सम्बन्ध में अभियुक्त राकेश के पुत्र वादी अजय निवासी नीलकंठ कॉलोनी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना बसईमौ0पुर मु0अ0सं0 76/2026 धारा 103(1)/109(1) बीएनएस बनाम राकेश पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए आदेश निर्देश दिए गए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में थाना बसईमौ0पुर पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास करते हुए वांछित अभियुक्त राकेश उपरोक्त को दिनांक 14.06.26 को फतेहाबाद रोड मडुआ मोड के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त राकेश की निशांदेशी पर घटना में प्रयुक्त बांका (आला कत्ल) को बरामद किया गया। साथ ही अभियुक्त की पत्नी श्रीमती पुष्पा देवी गम्भीर अवस्था में हायर सेंटर आगरा में उपचाराधीन हैं। अभियुक्त को मा0 न्याया0 के समक्ष प्रस्तुत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1-राकेश पुत्र लखपत सिंह निवासी नीलकंठ कालोनी सोफीपुर थाना बसई मोहम्मदपुर जिला फिरोजाबाद।

बरामदगीः-

घटना में प्रयुक्त बाँका (आलाकत्ल)

पंजीकृत अभियोगः-

1. मु0अ0सं0 76/2026 धारा 103(1)/109(1) बीएनएस थाना बसई मोहम्मदपुर

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. प्र0नि0 कृष्णस्वरूप पाल – प्रभारी निरीक्षक थाना बसई मोहम्मदपुर फिरोजाबाद।
2. निरीक्षक सन्तोष सिंह – थाना बसई मोहम्मदपुर फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 अरूण कुमार चौ0प्र0 चन्द्रवार फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 देवेन्द्र पवार थाना बसई मो0पुर फिरोजाबाद।
5. म0उ0नि0 राशि सोलंकी थाना बसई मो0पुर फिरोजाबाद।
6. रि0का0 477 कुनाल जयन्त, रि0का0 876 रोहित कुमार थाना बसई मो0पुर फिरोजाबाद।